# बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,

7, सरदार पटेल मार्ग–पटना–15

| Doc. No:- BRPNNL/HQA / C00/ 179 | Dt ...25/11/2025 | Page No..../... |
|---|---|---|


## ।। कार्यालय आदेश।।

बक्सर जिलान्तर्गत चौसा–गमहर के बीच रेलवे स्टेशन के बीच स्थित LC No. – 78A पर ROB के पहुँच पथ निर्माण कार्य संवेदक Bhabesh Mishra Construction Pvt. Ltd, Nayachak, Ishakchak, District-Bhagalpur (निबंधन संख्या– पु0नि0नि02/स्था0(नि0)– 01 (प्रथम)–434/2021) को आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि दिनांक–04.05.2022 तथा कार्य समाप्ति की तिथि दिनांक–03.08.2023 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि समाप्त होने के बावजुद अभी तक Foundation-100%, Sub-structure-100% तथा Superstructure –85% ही किया गया है। वरीय परियेजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल, आरा द्वारा संवेदक को कई बार पत्राचार किया गया एवं अनेकों बार मौखिक रूप से कार्य की प्रगति में तेजी लाते हुए कार्य को पूर्ण करने का निदेश दिया गया तथा Work Programme समर्पित करने का भी निदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि यह महत्वपूर्ण परियोजना बक्सर–चौसा पथ के मुख्य मार्ग पर अवस्थित रहने के कारण उच्चधिकारी द्वारा इस परियोजना को पूर्ण करने हेतु अनेको बार निदेशित किया गया है, परंतु संवेदक द्वारा उक्त कार्य में कोई रूचि नही लिया जा रहा है। विदित हो कि अध्यक्ष, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 द्वारा द्वारा दिनांक–06.09.2025 को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के बक्सर के राजपुर कार्यक्रम में जाने के दौरान उक्त ROB-78A में वांछित प्रगति नही रहने के कारण क्षोभ व्यक्त करते हुए संवेदक को डिवार करने हेतु निदेशित किया गया। उपरोक्त कार्य में लापरवाही बरतने के कारण वरीय परियोजना अभियन्ता द्वारा संवेदक को डीबार करने हेतु अनुशंसा किया गया है, जिसपर उप मुख्य अभियन्ता, कार्य अंचल–1, पटना का भी अनुशंसा प्राप्त है।

वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल आरा, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 का पत्रांक–1134 (अनु0), दिनांक–22.09.2025 के अनुशंसा एवं उप मुख्य अभियन्ता, कार्य अंचल सं0–1, पटना का पत्रांक–2096(अनु0) पटना दिनांक–06.10.2025 द्वारा किये गये अनुशंसा के आलोक में संवेदक Bhabesh Mishra Construction Pvt. Ltd, Nayachak, Ishakchak, District- Bhagalpur (निबंधन संख्या–पु0नि0नि02/स्था0(नि0)– 01 (प्रथम)–434/2021) को उपरोक्त कार्य पूर्ण होने तक अगले निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया जाता है।

ह0/–
**प्रबन्ध निदेशक**
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

ज्ञापांक–............................................/पटना, दिनांक–..............................................................

प्रतिलिपिः– सचिव (योजना एवं प्रशासन)/सभी उप मुख्य अभियन्ता/सभी वरीय परियोजना अभियन्ता/वरीय योजना अभियन्ता/वरीय गुण नियंत्रण अभियन्ता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
**प्रबन्ध निदेशक**
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

ज्ञापांक–............................................/पटना, दिनांक–..............................................................

प्रतिलिपिः– Bhabesh Mishra Construction Pvt. Ltd, Nayachak, Ishakchak, District- Bhagalpur को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
**प्रबन्ध निदेशक**
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

कृपया पृष्ठ पल्टें..............

ज्ञापांक—.......3478......./पटना, दिनांक—...25/11/2025...

प्रतिलिपिः—बेवसाईट प्रभारी, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

24.11.25

**प्रबन्ध निदेशक**

बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

24.11.2025